## एक नजर में

### मंत्री शाह ने दीपोत्सव पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ



**खण्डवा।** प्रदेश सरकार के मंत्री एवं हरसुद क्षेत्र के विधायक विजय शाह ने रोशनी तथा खुशी के पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। श्री शाह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपोत्सव भारतीय संस्कृति का महान पर्व है, जो हमें आपसी एकता, भाईचारा और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान खुशहाल और सुखी हो। साथ ही विकास का प्रकाश आम आदमी और गरीबों तक पहुँचे तथा उनके जीवन में खुशियाँ आयें। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दीपावली महोत्सव पर मंत्री श्री शाह ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रकाश का पर्व सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में भी उजाला लायेगा।

### जनप्रतिनिधियों ने दी जिले एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**खण्डवा।** हिंदुओं के सबसे पवित्र पर्व दीपावली महोत्सव प्रकाश के पर्व की सभी जिले एवं प्रदेश वासियों को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुरेश सुदेश वानखेडे, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, छाया मोरै, नारायण पटेल, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, सूरजपाल सिंह, प्रवक्ता सुनील जैन ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जिले के नागरिकों को शुभकामना देते हुए दीपावली का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। अपने शुभकामना संदेश में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वोकल फॉर लोकल के संकल्पों को पूर्ण करते हुए दीपों का यह त्यौहार सभी के जीवन को तरक्की उन्नति के प्रकाश से आलोकित करता रहेगा।

### राहवीर को 25 हजार रूपये इनाम से पुरस्कृत किए जाने के संबंध में ली बैठक



**खंडवा।** जिला अस्पताल में पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय एवं सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल एवं समस्त डॉक्टर स्टाफ ने बैठक में भाग लिया। बैठक में राहवीर योजना 2025 के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। इसमें राहवीर प्रकरणों अर्थात हादसों में मदद करने वालों के योगदान की सराहना और उन्हें प्रोत्साहित करने के प्रावधान पर विशेष ज़ोर दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राहवीरों को राहवीर योजना के तहत 25,000 रुपये तक का पुरस्कार दिया जाएगा ताकि वे और अधिक सक्रिय होकर जन सुरक्षा में योगदान दे सकें। इसके साथ ही दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल और बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। यह पहल दुर्घटना नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम साबित होगी।

### कलेक्टर गुप्ता ने नागरिकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि दीपावली का यह पर्व हमें स्वच्छता, स्वास्थ्य और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि दीपावली पर्व के दौरान पटाखे चलाते समय पूरी सावधानी बरतें।

### इस बार दीपावली महोत्सव पर कुछ नया करें : सुनील जैन



**खंडवा।** भगवान श्री राम, श्री कृष्ण, श्री महावीर के इस अहिंसक देश में हम अहिंसा का पाठ पढ़ते हुए इस बार दीपावली पर कुछ नया करें जिससे असंख्य जीव-जंतुओं की रक्षा के साथ पर्यावरण की भी रक्षा कर सके। समाजसेवी सुनील जैन ने सभी नागरिकों से क्षमा याचना करते हुए अनुरोध किया है कि यदि आप अहिंसा, प्रकृति, पर्यावरण प्रेमी हैं तो इस बार दीपावली अलग तरह से मनाए पटाखे नहीं फोड़कर दीपावली पर गरीबों की दीपावली मनाएं, भूखे को खाना खिलाएं। पटाखों को जलाने से जहां लाभ जीरो है वहीं हानि सौ प्रतिशत है। पटाखों से अरबो रूपयों की व्यर्थ बर्बादी, आग लग जाने से लाखों की संपत्ति का नुकसान, गर्भस्थ शिशु व बच्चों को नुकसान, वायु, जल, ध्वनि और मिट्टी का प्रदुषण, अरबों अन्नतों जीव-जंतुओं व प्राणियों की हत्या, आंखों और कानों पर बुरा असर, ग्लोबल वार्मिंग का खतरा, ईश्वर की वाणी का अपमान, शारीरिक क्षति व जनहानि पटाखों को जलाने से होती है। इस वर्ष दीपावली पर कुछ नया कर पटाखों से परहेज करते हुए उस राशि का सामाजिक कार्यो में उपयोग कर पुण्य प्राप्त करें।

### आकर्षक रंगोली का निर्माण



**खंडवा।** दादाजी की नगरी खंडवा में पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव धार्मिक उत्साह के साथ के साथ बनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में दीपावली का अपना एक विशेष महत्व है। दीपावली पर लोगों ने अपने घरों की साफ सफाई पुताई एवं पेंटिंग कर घर को सजाया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दीपाली महोत्सव को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर खरीदारी कर रहे है गरीब से लेकर अमीर तक अपनी क्षमता के अनुसार दीपावली की सामग्री खरीद रहे हैं। बाजारों को विशेष रूप से सजाया गया है। धनतेरस के दिन बड़ी संख्या में लोगों ने परिवार सहित पहुंचकर खरीदारी की। दीपावली महोत्सव पर प्रतिदिन लोग प्रात: काल मंदिर में पहुंचकर दर्शन पूजा अर्चना भी कर रहे हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि घरों की साफ सफाई के साथ प्रतिदिन दीपावली पर्व पर मातृशक्ति अपने घरों के आंगन में आकर्षक सुंदर रंगोलिया भी सजा रही है। प्रत्येक घर के सामने सुंदर रंगोली आप देख सकते हैं। सराफा स्थित रामगंज में श्रीजी दीपक सोनी द्वारा केरल का लोकनृत्य कथकली में भगवान् धन्वंतरि के रूप को रंगोली में दर्शाया गया। यह मनमोहक और अनुपम रंगोली 6×4 फीट पर लगभग 3 घंटे मे बन कर तैयार की गई थी।

# आज महालक्ष्मी के विशेष श्रृंगार के साथ होगी महाआरती




**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में धन की देवी माता लक्ष्मी का दीपावली को लक्ष्मीजी का विशेष श्रृंगार एवं अभिषेक के साथ दिन भर धार्मिक आयोजन होंगे।

ऊं तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मी मनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योश्वान् विन्देयं पुरुषानहम् । भावार्थ- कभी नष्ट न होने वाली लक्ष्मी देवी मेरे घर पधारे, उनके आगमन से धन, अश्व और संतान प्राप्त हो। (श्रीसूक्त) अर्थात हे महालक्ष्मी पदम आपका आसन है, आप परब्रह्मस्वरूप है, परमश्रेष्ठ जगतमाता है, हे महालक्ष्मी आपको मेरा नमस्कार है। हे महालक्ष्मी आप श्वेत वस्त्र नाना प्रकार के आभूषण एवं अलंकार धारण करने वाली है। आपको जो एक समय भजपा है, उसके सब पापों का नाश हो जाता है। जो दो समय आपको स्मरण करता है, वह धनधान्य तथा समृद्धि पाता है। जो तीन समय आपका स्मरण करता है, उसके समस्त शत्रुओं का विनाश होता है। हे महालक्ष्मी, जो व्यक्ति आपके स्रोत का पाठ करता है, उसे हर तरह की सिद्धि की प्राप्ति होती है।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल एवं मंदिर पुजारी पं. वसंत महोदय ने बताया कि 20 अक्टूबर सोमवार दीपावली महापर्व मुख्य दिवस प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे काकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे यम दीपदान, 10 बजे विशेष पूजन कुमकुम अर्चन, 12 बजे नैवेद्य आरती, शाम 7 बजे विशेष कुबेर पूजन, रात्रि 8 बजे महालक्ष्मी की महाआरती तथा रात्रि 01.03 बजे महानिशा काल सिंह लग्न में दक्षिण भारतीय पद्धति द्वारा पं. बसंत महोदय द्वारा कौशांबा पूजन द्राक्षा अर्चन, तर्पण मार्जन विशेष पूजन होगा। दीपावली के दिन विशेष पूजा के रूप पांच पंडितों द्वारा दिनभर लक्ष्मी सूक्त एवं सायंकाल में श्री मुक्त का पाठ के साथ ही महालक्ष्मी को गन्ना, सिंघाडा, कमलगट्टा, मखाना, किसमिस, हलवा आदि का विशेष भोग लगाया जाएगा।

कौंसंबा पूजन का महत्व पं. वसंत महोदय ने बताया कि इस पूजन की महत्ता यह होती है कि महानिशा काल में माता लक्ष्मी को कोसा की साडी में विशेष श्रृंगार किये जाने पर ही कोसंबा पूजन किया जाता है और यह साडी वर्ष में सिर्फ दीपावली के दिन रात्रि में ही माता लक्ष्मी को पहनाई जाती है। पूजन के दर्शन मात्र से मानव का कल्याण होता है और मां लक्ष्मी की कृपा प्राम होती है। यह पूजन रात्रि 3 बजे तक होता है इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाता है।

#### 23 को गोर्वधन पूजन

मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि 23 अक्टूबर गुरुवार को गोर्वधन पूजन को प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, बजे कांकड़ा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 12 बजे नैवेद्य आरती, विशेष पूजन रात्रि 8 बजे तथा 10 बजे शवन आरती होगी। दि. 3 नवम्बर भाईदूज एवं अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत मंदिर में 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, अन्नकूट महोत्सव अंतर्गत 256 प्रकार के नैवेद्य का भोग लगाकर 10 बजे से 12 बजे भोग के दर्शन एवं भोग आरती होगी। इसी दिन दोपहर 4 बजे से अन्नकूट प्रसादी वितरण (अन्नकूट भंडारा) सायं 8 बजे तक होगा। विशेष पूजन रात्रि 8 बजे, 10 बजे शयन आरती होगी।



# प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में उर्वरक के नमूने अमानक पाए गए




**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। सितंबर माह में कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक ईश्वर वास्कले के आवेदन पर उर्वरक के अवैध भण्डारण के मामले में छैगांवमाखन पुलिस थाने में सद्दाम पठान पिता सलीम पठान निवासी**

#### अब प्रकरण में और धाराएं भी जोड़ी जाएंगी

**छैगांवमाखन के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज की गई थी।**

उप संचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि छैगांवमाखन से जब्त की गई खाद की प्रयोगशाला से आई जांच रिपोर्ट मे जब्त किए गए सभी 13 नमूने अमानक और नकली पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सितंबर माह में जिला स्तरीय निरीक्षण दल के निरीक्षण के दौरान छैगांवमाखन में इंदौर रोड स्थित एक घर से 25-25 किलो के कुल 740 बैग अवैध रूप से भण्डारित किये गए पाये गये थे। उन्होंने बताया कि सद्दाम पठान पिता सलीम पठान निवासी छैगांवमाखन के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7,8,19,35, तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 व 7 के तहत एफ आई आर दर्ज की गई थी।

उपसंचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट मे उर्वरक के नकली और अमानक पाए जाने से अब इस मामले में उर्वरक के अवैध भंडारण के साथ-साथ नकली और अमानक खाद बेचने संबंधी धाराएं भी जोड़ी जाएंगी।

# दिगंबर जिनालयों में भगवान महावीर का मनेगा मोक्ष कल्याणक महोत्सव



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** दिगंबर जैन समाज के 24 वें तीर्थकर 1008 श्री भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक मिती कार्तिक कृष्ण अमावस्या मंगलवार को उपाध्याय विश्रुत सागर महाराजजी के ससंघ के सानिध्य में 21 अक्टूबर 2025 को अत्यंत भक्तिभाव पूर्वक मनाया जाएगा।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि नगर के सभी दिगंबर जिनालयों में भगवान महावीर के निर्वाण दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। जैन धर्म में जन्म से ज्यादा मोक्ष को महत्व दिया गया है। अत: समाजजन समस्त तीर्थंकरों के मोक्षकल्याणक दिवस को धार्मिक उल्लास के साथ पूजा अर्चना करते हुए लाडू चढ़ाते हैं। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी जन्म कुण्डलपुर नगरी में हुआ वहीं तप और तपस्या करते हुए पावापुर की सिद्ध भूमि के जलाशय में कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन भगवान महावीर ने मोक्ष गति को प्राप्त किया था, तब से जैन समाज के सामाजिक बंधु जहां पावापुर सिद्ध क्षेत्र पहुंचकर मोक्ष कल्याणक दिवस मनाकर लाडू चढ़ाते हैं वहीं पूरे देश के साथ ही खंडवा नगर में भी समस्त जैन मंदिरों में भगवान महावीर का निर्वाण उत्सव दीपावली के त्यौहार की तरह मनाकर प्रात :काल घी का दीपक जलाकर मंदिरों में पहुंचकर भगवान महावीर के पूजन के साथ अभिषेक व शांतिधारा के पश्चात निर्वाण कांड का वाचन करते हुए सामुहिक रूप से लाडू चढ़ाते हैं।

हम सभी इस महामांगलिक पुण्य अवसर पर वीर प्रभु के तप, ज्ञान, नियम, निर्वाण की महिमा का गुणगान एवं अनुकरण करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाए।

तय कार्यक्रम अनुसार श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर घासपुरा में प्रात: 7.05 बजे, श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला सराफा उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में 7.20, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर छात्रावास में 7.40, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कहान नगर में प्रात: 8 बजे, श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर सेठी नगर में 8.15, श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर नवकार नगर में 8.30 बजे, श्री धर्मोदय तीर्थ आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बोरगांवखुर्द में प्रात: 9 बजे सामाजिक बंधुओं द्वारा पहुंचकर भगवान महावीर के दर्शन कर लाडू चढ़ाया जाएगा।

पोरवाड़ दिगम्बर जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ पोरवाड़ दिगम्बर जैन मंदिर सराफा में दिनांक 22/10/25 दिन बुधवार को प्रात: 08.30 बजे शिखरों पर पंडित निखिलेश जैन के निर्देशन में नवीन ध्वजा चढ़ाई जावेगी, जिसकी बोलिया श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में दिनांक 21/10/25 दिन मंगलवार को निर्वाण लाडू चढ़ाये जाने के पूर्व लगाई जावेगी।

# रविवार को छोटी दीपावली रूप चौदस पर बाजार में बिखरी रौनक

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** दीपों की झिलमिलाहट व धन की देवी चंचला महालक्ष्मी के पूजन का पर्व दीपावली घर-घर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। लक्ष्मी पूजन के बाद आतिशबाजी से आकाश से पटाखों की रोशनी के रूप में धन बरसेगा। शुभ मुहूर्तों में मां लक्ष्मी का पूजन कर जमकर आतिशबाजी होगी। फिर शुरू होगा एक दूसरे को दीपपर्व की बधाई देने का सिलसिला।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की सोमवार को महालक्ष्मी पूजन के पूर्व शाम से ही दीपों की जगमगाहट से शहर का हर घर रोशन होगा। पर्व पर खंडवा के समस्त मंदिरों में इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ा हुआ है। लक्ष्मी मंदिरो में भी हर रोज विभिन्न तरीकों से धन की देवी का श्रंगार किया जा रहा है। दीपावली पर महालक्ष्मी मंदिर में दक्षिण भारतीय पद्धति से कौशांबी पूजा की जाएगी। दक्षिण भारत से दीक्षा लेकर लेकर आए मंदिर के पुजारी ही इस पूजा को संपन्न कराएंगे। इसके अलावा मंदिर में सुबह मां का अभिषेक श्रृंगार कर पूजन कर मंगला आरती की गई। दक्षिण दिशा में कुबेर द्वार



बनाकर लक्ष्मीनारायण का पूजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि रविवार को रूपचौदस छोटी दीपावली पर पर दिनभर बाजार में भीड़ रही। सौंदर्य प्रसाधन और ब्यूटी पार्लरों पर महिलाओं की खासी चहल-पहल नजर आई। रविवार को रूप चौदस होने से शहर में चहल पहल बनी रही। लाल चौकी स्थित महालक्ष्मी मंदिर बुधवारा श्री सत्य लक्ष्मी नारायण मंदिर बजरंग चौक स्थित मुनि बाबा लक्ष्मी नारायण मंदिर को सजाकर प्रतिमाओं का आकर्षक श्रंगार किया गया। मंदिर में दीपावली पर 6.30 बजे पंडित अमित दादी एवं बजरंग चौक पर पंडित नवीन शर्मा द्वारा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में काकड़ा आरती होगी। भारतीय संस्कृति के अनुसार नरकासुर वध पर जो आनंद उत्सव मनाया जाता है उसे नरक चौदस के रूप में भी मनाया जाता है।

रूप चौदस पर पर्व पर महिलाओं ने अपने रूप को निखारने के कई तरह के जतन किए। ब्यूटी पार्लरों में सजने-संवरने का दौर दिन भर चलता रहा। कृष्णपक्ष की नरक चौदस या रूपचौदस का अलग महत्व है जिसका आज भी महिलाएं पालन करती है और स्वयं को अपने घरों को संवारने का काम करती है। दीपावली के एक दिन पूर्व आने वाली रूप चौदस की मान्यता है कि इस दिन घर व घर की लक्ष्मी कहीं जाने वाली गृहणी जितनी स्वच्छ रहती है तो उनके घर उतनी ही लक्ष्मी आती है। मान्यता को कायम रखकर आज भी घर की महिलाएं परंपरानुसार सुबह जल्दी उठकर बेसन, हल्दी व अन्य चीजों का उबटन लगाकर दिनभर अपने रूप को निखारने में लगी रही। माना जाता है साफ सुथरे घर में लक्ष्मी का आगमन होता है। मंदिरों में भाईदूज पर होगा अन्नकूट।

**मनाया दीपोत्सव** | **मिठाई, दीये, तेल बाती, साड़ी व नए वस्त्रों का किया वितरण**

# लायन सदस्यों ने जरूरतमंदों के साथ मनाई दीपावली की खुशियां

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा अध्यक्ष आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, रीजन चेयर पर्सन राजीव मालवीय झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के नेतृत्व में लायन व लियो अध्यक्ष सुमित परिहार सचिव अभिषु शर्मा, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में लियो सदस्यों ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली के पूर्व जसवाड़ी रोड़ स्थित झुग्गी झोपड़ी बस्ती में पहुँचकर बस्ती वालों के साथ दीपोत्सव मनाया।

लायन्स डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा पीड़ित मानव सेवा के साथ ही व्यक्तियों के सुख दु:ख में सम्मिलित होता है। दीपावली के अवसर पर मानव सेवा, सार्थक दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीपोत्सव पर उपयोगी सामान, मिठाईयां, नए वस्त्र, फुलझड़ी, पटाखे गरीब बस्तियों में जाकर परिवारों में वितरित कर दीपावली मनाई। बस्ती के सभी घरों में दीये, तेल की बोतल व बाती प्रदान कर दीप प्रज्वलित कराए। पटाखे व कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी आ गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने कहा कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले निर्धन परिवारजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने और खुशी के दीप जलाने व समाज मे जागरूकता के उद्देश्य से यह अनूठी पहल की जा रही है। रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व समाजसेवी सुनील जैन ने अन्य सक्षम लोगो से आग्रह किया कि वे भी अपनी क्षमतानुसार गरीब बस्तियों में जाकर दीपावली के अवसर पर जरूरतमंदों को उपहार अवश्य दे।

लियो अध्यक्ष सुमित परिहार ने कहाकि ऐसे आयोजन से बच्चों को तो खुशी मिलती ही है हमे भी आत्मिक आनंद का अनुभव होता है। घनश्याम वाधवा, राजीव शर्मा, नारायण बाहेती, पवन लाड़, समाजसेवी सुनील जैन, अखिलेश गुप्ता, राजीव मालवीय, शरद खंडेलवाल, प्रेम नारायण पिपलोनिया, सुनीता परिहार, उमाशंकर उपाध्याय, लियो अभिषु शर्मा, लियो सुमीत परिहार, लियो अपूर्व उपाध्याय लायन्स व लियो सदस्यों ने उपस्थित रहकर सहयोग




प्रदान किया। इस अवसर पर घनश्याम वाधवा ने कहाकि दुसरो की मदद करने से जो खुशी मिलती है उसका कोई मोल नहीं। उमाशंकर उपाध्याय ने सभी सहयोगियों का आभार माना।